राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने राज्य के सभी कुलपतियों को 'खेलो इंडिया योजना' के तहत विश्वविद्यालयों में खेल की आधारभूत संरचना विकसित करने हेतु अतिशीघ्र प्रस्ताव भेजने के निदेश दिये

पटना, 16 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने आज वीडिया–कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के खेल विभाग द्वारा संचालित –'खेलो इंडिया योजना' के तहत इसके प्रमुख घटकों –मल्टीपरपस क्रीड़ा हॉल, स्वीमिंग पुल, सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिन्थेटिक हॉकी फिल्ड, सिन्थेटिक टर्फ फुटबॉल ग्राऊण्ड आदि के निर्माण हेतु अतिशीघ्र प्रस्ताव सीधे बिहार स्टेट एडुकेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन पटना को अनिवार्यतः भेज देने का निदेश प्रदान किया। राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय तत्काल कम–से–कम दो प्रस्ताव जरूर कॉरपोरेशन को उपलब्ध करा दे। कॉरपोरेशन प्रस्ताव के आलोक में मॉडल तैयार कर डी॰पी॰आर॰ सहित राज्य के कला–संस्कृति एवं युवा विभाग को उपलब्ध करायेगा जो सम्यक् विचारोपरान्त निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए प्रस्ताव को भारत सरकार को स्वीकृति हेतु शीघ्र भेजेगा।

राज्यपाल ने कहा कि हॉकी, फुटबॉल, बैंडमिन्टन, वॉलीबाल, जूडो, कुश्ती, हैंडबॉल, कबड्डी तथा स्वीमिंग पुल के लिए आधुनिकतम आधारभूत संरचना का निर्माण राज्य के विश्वविद्यालयों में किया जाना है, जिसके लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का भूखंड चिन्हित कर आवश्यक प्रस्ताव अतिशीघ्र कॉरपोरेशन को उपलब्ध करा दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार के 'खेलो इंडिया योजना' के तहत युवा पीढ़ी के समग्र विकास हेतु खेलकूद की गतिविधियों को विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में सुनिश्चित किया जाना है।

इस वर्चुअल बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, कला–संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रधान सचिव श्री रवि मनुभाई परमार, सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, विशेष पदाधिकारी (विश्वविद्यालय) श्री एम॰पी॰ मिश्रा एवं राज्यपाल सचिवालय के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....